राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–1

राजभवन देहरादून/मसूरी 27 सितम्बर, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शुक्रवार को मसूरी में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। राज्यपाल ने इस अवसर पर ''बर्डस इन एंड अराउंड मसूरी'' पुस्तक का विमोचन किया। यह पुस्तक उत्तरप्रदेश कैडर के आईएएस अधिकारी संजय कुमार द्वारा लिखी गई है जिसमें उन्होंने मसूरी एवं आसपास के क्षेत्रों की 150 से अधिक पक्षियों की फोटो और जानकारियों को संकलित किया है।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि मसूरी की प्राकृतिक सुंदरता और पक्षी विविधता को पुस्तक के माध्यम से दर्शाया जाना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि पहाड़ों की रानी मसूरी, पक्षी विविधता का भी खजाना है। जीवंत प्रवासी पक्षियों से लेकर स्थानिक प्रजातियों तक, हमारी पहाड़ियाँ और घाटियाँ प्रकृति की आवाजों से जीवंत हैं, जो स्थानीय लोगों और आगंतुकों दोनों को मंत्रमुग्ध कर देती हैं।

उत्तराखंड जैव विविधता से समृद्ध और अद्भुत है जो पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। लुभावने परिदृश्यों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए प्रसिद्ध उत्तराखंड भारत में पर्यटन के लिए एक महत्वपूर्ण गंतव्य के रूप में उभरा है। यह उत्तराखंड की आर्थिकी का एक महत्वपूर्ण जरिया बन चुका है। इससे राज्य में सभी क्षेत्रों में आजीविका के अवसर भी प्राप्त हो रहे हैं।

उन्होंने उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था में पर्यटन का बड़ा योगदान है। विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर हमें अपनी जैव विविधता को बनाए रखते हुए पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान करने का संकल्प लेना होगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में प्रत्येक क्षेत्र में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं इसे ध्यान में रखते हुए पर्यटन गतिविधियों में क्वालिटी और वैल्यू एडिशन किया जाना जरूरी है। हमें अपने ''अतिथि देवो भवः'' प्रथा को सर्वोपरि रखना होगा।

इस अवसर पर राज्यपाल ने पोस्टल विभाग द्वारा पक्षियों पर आधारित ''मसूरीः पक्षियों का स्वर्ग'' डाक टिकट भी जारी किया। इस कार्यक्रम में पुस्तक के लेखक संजय कुमार ने पुस्तक के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. धनंजय मोहन, निदेशक डाक सेवाएं उत्तराखंड अनुसूइया प्रसाद चमोला सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

............0............